# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक: 506 /भण्डार/2018 भोपाल, दिनांक: 19-12-2018

## टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन हेतु सीमित निविदा

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों हेतु "टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन हेतु सीमित निविदा" आमंत्रित की जाती हैं। यह सीमित निविदा दिनांक 26-12-18 2PM तक **कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल** के नाम से आमंत्रित की जाती है। यह सीमित निविदाएं स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक/ कोरियर से **उपकुलसचिव (भण्डार), बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, होशंगाबाद रोड, भोपाल** के पते पर प्रस्तुत करें।

कुलसचिव

## भाग–1

**निविदा की शर्तः–**

1. यह सीमित निविदा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा उत्सव, दीक्षांत समारोह, सेमीनार, कानफ्रेन्स, खेल प्रतियोगिताओं आदि में टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन हेतु सीमित निविदा आमंत्रित की जा रही हैं।
2. निविदा के साथ निम्नांकित दस्तावेजों की स्केन प्रति जिस पर फर्म के सील सहित हस्ताक्षर होने चाहिए निविदा के साथ अपलोड करें:–
   (i) संस्था द्वारा पिछले तीन वित्त वर्षो (2017–18, 2016–17, 2015–16) में मान्यता प्राप्त संस्था हेतु टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन का कार्य किया हो । सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप अपलोड करें।
   (ii) जी0एस0टी0 (GST) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें।
   (iii) PAN CARD की छाया प्रति संलग्न करें।
   (iv) रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।
   (v) फर्म का ई.पी.एफ. नम्बर की छाया प्रति संलग्न करें।
   (vi) पिछले तीन असेसमेन्ट वर्षो (2018–19, 2017–18, 2016–17) इनकम टेक्स रिटर्न छायाप्रति भी संलग्न करे।
3 टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन हेतु निविदा में दर्शित दोनों प्रकार के कार्य हेतु, भोपाल टेन्ट हाउस एसोसियेशन की दर सूची जो कि टेन्ट कार्य हेतु दिनांक: 01–01–2014 से प्रभावशील हैं। इसी प्रकार लाईट एसोसियेशन, भोपाल की दर सूची जो कि लाईट के कार्य हेतु दिनांक: 01–04–1998 से प्रभावशील हैं। दोनों प्रकार के कार्य को मिलाकर एक ही डिस्काउन्ट वित्तीय निविदा **प्रपत्र–ए–2** – में दर्शित किया जाना आवश्यक हैं। टेन्ट तथा लाईट कार्य हेतु पृथक–पृथक डिस्काउन्ट दर्शित करने पर निविदा अमान्य कर दी जावेगी ।

5 निविदाकर्ता फर्म द्वारा प्रदाय की जाने वाली टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री अच्छी स्थिति में, साफ सुथरी एवं उत्तम क्वालिटी की होनी चाहिए। गन्दी, पुरानी तथा खराब टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री का उपयोग विश्वविद्यालय के कार्य हेतु किये जाने पर धरोहर राशि जब्त कर भुगतान देयक से निविदा में दिए विवरण अनुसार विश्वविद्यालय अपने विवेकानुसार कटौति के लिए अधिकृत होगा।

6 टेन्ट हेतु भोपाल टेन्ट हाउस एसोसियेशन एवं लाईट डेकोरेशन हेतु टेन्ट एण्ड लाइट एसोसियेशन, भोपाल की नवीनतम दर सूची (निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न) पर निविदाकर्ता द्वारा देय अधिकतम डिस्काउन्ट के आधार पर निविदा का निर्णय लिया जाएगा। वाटरप्रूफ टेन्ट की दर पृथक से दर्शित कर डिस्काउन्ट वित्तीय निविदा में अंकित करें।

7 भोपाल टेन्ट हाउस एसोसियेशन एवं टेन्ट एण्ड लाइट एसोसियेशन, भोपाल की दर सूची में अन्य उल्लेखित नियम एवं शर्तें विश्वविद्यालय द्वारा मान्य नहीं होंगी।

8 निविदा में स्वीकृत सूची के अतिरिक्त यदि किसी सामग्री की आवश्यकता होती है, तो शासकीय (केन्द्रीय/राज्य) संस्था की स्वीकृत निविदा की दरों अथवा न्यूनतम 3 व्यवसायिक संस्थानों की प्रचलित दरों की तुलना कर, उनमें से न्यूनतम दर को मान्य किया जावेगा।

9 प्रदाय टेन्ट सामग्री एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री सन्तोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तों का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकर्ता का कार्यादेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि राजसात की जावेगी।
इसमें जो भी आर्थिक क्षति होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से यथोचित कटौति निविदा में दिए विवरण अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा।

10 टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री की लोडिंग, अनलोडिंग तथा फिटिंग कार्य हेतु कारीगर एवं श्रमिकों की व्यवस्था फर्म द्वारा अपने व्यय पर की जाएगी ।

11 टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन व्यवस्था के लिए केन्द्र/राज्य शासन एवं स्थानीय निकायों द्वारा समय-समय पर अधिरोपित टैक्स एवं ड्यूटीज का भुगतान समय पर अनिवार्य रूप से करने का उत्तरदायित्व निविदाकर्ता फर्म का होगा। फर्म के देयक से नियमानुसार टैक्स की कटौति विश्वविद्यालय द्वारा की जावेगी।

12 यदि टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री के लोडिंग, अनलोडिंग, सामग्री फिटिंग के समय, सामग्री की त्रुटिपूर्ण फिटिंग आदि के कारण विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में कोई दुर्घटना घटित होती है तो इसमें होने वाली जान माल की समस्त क्षति का उत्तरदायित्व निविदाकर्ता फर्म का होगा।

13 टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री में किसी भी कारणवश हुए टूट-फूट की समस्त जिम्मेदारी निविदाकर्ता फर्म की होगी एवं इस सम्बन्ध में फर्म का कोई भी दावा मान्य नहीं किया जाएगा।

14 आयोजन स्थल पर टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन कार्य के लिए आवश्यक बिजली एवं पानी की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा की जाएगी। कार्य के लिए आवश्यक सामग्री सीढ़ी इत्यादि की व्यवस्था निविदाकर्ता फर्म द्वारा की जाएगी।

15 टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री प्रदाय में त्रुटि या विलम्ब होने पर 2% से 10% की राशि की कटौति फर्म द्वारा प्रस्तुत देयक की जावेगी। (दण्ड अधिरोपित करने का निर्णय कुलपतिजी के विवेकाधीन होगा।)

16 टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री प्रदाय की दरें F.O.R. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल अथवा भोपाल में विश्वविद्यालय द्वारा बताए गए स्थान पर होगी।

17 दरें कर रहित (Without tax) होगी। यदि कर लागू हो तो उसकी पृथक से कर की दर सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी वित्तीय निविदा प्रपत्र में देवें।

18 निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर सकारण निरस्त करने का पूर्ण अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

19 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation)का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

20 निविदा विषयक विवाद में अंतिम निर्णय कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का होगा।

21 निविदाकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर समिति स्वविवेक से पैरामीटर / प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

22 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

## भाग – 2
## टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री का विवरण

(अ) टेन्ट की की दर

पंजीयन क्रमांक : 10589/2002

**भोपाल टेन्ट हाउस एसोसियेशन**

(सम्बद्ध फेडरेशन ऑफ म.प्र. टेन्ट एसोसियेशन)

For Vishal Elect. & Tent House

Proprietor

**रेट लिस्ट 01/01/2014 से प्रभावशील**

रेट प्रतिदिन प्रति नग

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पाईप वाल फर्निंग फुट | 30/- | फॉम चेयर | 100/- | गैस भट्टी | 200/- |
| पाईप पंडाल 15' ऊंचाई | 8/- प्रति वर्गफुट | फॉम सोफा 2 सीटर | 300/- | गैस भट्टी डबल | 300/- |
| पाईप पंडाल 10' ऊंचाई | 6/- प्रति वर्गफुट | सोफा 3 सीटर | 500/- | भगोना बड़ा | 100/- |
| कनात | 100/- | सोफा कवर | 100/- | कढ़ाई | 100/- |
| दरी 8' x 10' | 50/- | स्टेज चेयर | 300/- | परात | 100/- |
| वितान प्रति वर्गफुट | 1.20/- | वेडिंग चेयर जोड़ा | 1100/- | तई | 100/- |
| पर्दा 15' x 10' | 200/- | तख्त डेढ़ फिट (वर्गफुट) | 10/- | ट्रे | 20/- |
| गलीचा वूलन वर्गफुट | 6/- | तख्त तीन फिट (वर्गफुट) | 15/- | बाल्टी | 20/- |
| रोल मेटिंग वूलन वर्गफुट | 6/- | तख्त 5 फिट एवं 6 फिट | 30/- | इमाम दस्ता | 20/- |
| सिन्थेटिक कारपेट वर्गफुट | 2/- | स्टेज सीढ़ी डेढ़ फिट | 100/- | पीकदान/सागदान | 10/- |
| सिन्थेटिक प्रिन्टेड कारपेट वर्गफुट | 3/- | स्टेज सीढ़ी तीन फिट | 200/- | ग्लास स्टेंड | 10/- |
| टेबल क्लाथ 4' x 6' | 20/- | वाश बेसिन स्टील | 300/- | जग | 10/- |
| टेबल क्लाथ 4' x 10' | 40/- | पंखा | 200/- | थाली सेट | 10/- |
| टेबिल | 40/- | कूलर | 500/- | फुल प्लेट | 3/- |
| टेबल फ्रिल | 50/- | पाईप गेट | 500/- | फुल प्लेट एक्रेलिक | 6/- |
| गद्दा | 15/- | पाईप स्टाल | 300/- | डोंगा | 6/- |
| गद्दा फॉम | 40/- | मण्डप | 500/- | राईस (प्लेट) | 6/- |
| रजाई | 20/- | कॉफी मशीन (3 घण्टे) | 500/- | ग्लास (कांच) | 2/- |
| रजाई कवर | 20/- | सेंट स्प्रे मशीन | 1100/- | कटोरी | 1/- |
| तकिया मय कवर | 10/- | पाईप कवर | 20- | टी/टेबल स्पून | 1/- |
| रंगीन चादर बिस्तर | 15/- | शेफिंग डिश (बिना फ्यूल) | 100/- | सर्विस स्पून | 5/- |
| सफेद चादर (बिस्तर) | 20/ | शेफिंग डिश स्पेशल (बिना फ्यूल) | 200/- | राईस स्पून | 5/- |
| लोड मय कवर | 20/- | खाना पट्टी | 20/- | करछी | 5/- |
| कम्बल | 20/- | ड्रम | 50/- | डस्टबिन | 50/- |
| कम्बल कवर | 15/- | स्टील टंकी | 50/- | कुर्सी कवर | 20/- |
| पलंग | 60/- | टी कन्टेनर | 150/- | कुर्सी बो | 10/- |
| कुर्सी फायबर | 15/- | टब | 50/- | साईड पट्टी | 100/- |

उपरोक्त दर बगैरे कर के अंकित है।

(ब) <u>वाटरप्रूफ टेन्ट की दरः–</u>

| सामग्री | दर |
|---|---|
| वाटरप्रूफ टेन्ट प्रतिवर्गफुट | ______<br>उपरोक्त दर बगैरे कर के अंकित करना है। |

टीपः– फर्म द्वारा वाटरप्रूफ टेन्ट की दर अंकित की जाना हैं।

(स) लाईट सामग्री की दर सूचीः–

टेन्ट एण्ड लाइट एसोसियेशन, भोपाल

[illegible]

उपरोक्त दर बगैरे कर के अंकित है।

## भाग–3

## वित्तीय निविदा

| | |
|---|---|
| फर्म का नाम | |

| | | |
|---|---|---|
| टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन कार्य हेतु भोपाल टेन्ट हाउस एसोसियेशन दर सूची (दिनांकः 01–01–2014 से प्रभावशील) एवं टेन्ट एण्ड लाईट ऐसोसियेशन भोपाल की दर सूची (दिनांकः 01–04–1998 से प्रभावशील) में दर्शित सामग्री | | डिस्काउन्ट का प्रतिशत |
| वाटरप्रूफ की दर प्रति वर्गफुट रूपये | ———— | |

टीपः– वास्तविक देय दर पर समस्त कर नियमानुसार लागू होंगे।

## प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि सीमित निविदा की उपरोक्त शर्तो के अधीन मैं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में टेन्ट एवं लाईट सामग्री प्रदाय करने हेतु अपनी सहमति प्रदान करता हूँ।

निविदाकर्ता फर्म के हस्ताक्षर एवं सील

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल